मथुरा कलौनी को 'गुरु घासीदास सम्मान'

बेंगलूर। शहर के वरिष्ठ रंगकर्मी एवं लेखक मथुरा कलौनी की नाट्य पुस्तक 'कब तक रहें कुंवारे' का लोकार्पण हाल ही में चीन में संपन्न नौवें अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन में प्रसिद्ध साहित्यकार खगेंद्र ठाकुर ने किया। चीन की राजधानी बीजिंग में आयोजित हिन्दी सम्मेलन में मथुरा कलौनी ने आज के दौर के ज्वलंत विषय 'लिव-इन रिलेशनशिप' पर लिखे अपने नये लघुनाटक 'तू नहीं और सही' का वाचन भी किया। इस अवसरपर मथुरा कलौनी को 'गुरु घासीदास सम्मान' से अलंकृत किया गया।

समारोह में चीन और भारत के करीब 60 साहित्यकारों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन का उद्घाटन खगेंद्र ठाकुर ने किया और सृजनगाथा के प्रमुख जयप्रकाश मानस ने आभार व्यक्त किया।